# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में नियाम अधिकारियों को समानित किया

**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस**

जयपुर। सोसायटी फोर रिसेन्ट डवलपमेंट इन एग्रीकल्चर एवं अन्य कृषि विष्वविद्यालयों के सहयोग से तीन दिवसीय तीसरी ग्लोबल मीट का आयोजन दिनांक 1 से 3 दिसम्बर, 2019 तक राष्ट्रीय बीजीय मसाला केन्द्र, तबीजी, अजमेर में किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर ने नॉलेज पार्टनर के रूप में भूमिका अदा की और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को आयोजित करने में तकनीकी भूमिका अदा की। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देष्य विज्ञान एवं तकनीकी के सहयोग से किस तरह खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है पर देश के विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा चर्चा की गई। इस सम्मेलन में 185 वैज्ञानिकों ने भाग लिया जो देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये थे। सम्मेलन में राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान, जयपुर के उपनिदेषक, डॉ. एस. आर. सिंह ने दो शोध-पत्र प्रस्तुत किये जिनके विषय आज की कृषि, कृषि उद्यमिता, कृषि मूल्य श्रृंखला एवं कृषि विपणन के समीचीन थे। सम्मेलन में डॉ. एस. आर. सिंह, उपनिदेशक को उनके कृषि, कृषि उद्यमिता, कृषि विपणन एवं कृषि प्रसार में उत्कृष्ठ योगदान के लिये जीएमएसटी. पुरस्कार, 2019 से सम्मानित किया गया। इसके अलावा सम्मेलन में संस्थान के महानिदेषक, डॉ. पी. चन्द्रषेखरा एवं डॉ. रमेश मित्तल, निदेशक को भी कृषि, कृषि उद्यमिता, कृषि विपणन एवं कृषि प्रसार में उत्कृष्ठ योगदान के लिए लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

न रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
 चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।